मुळा एज्युकेशन सोसायटी

कला, वाणिज्य व विज्ञान महाविद्यालय, सोनई

हिंदी विभाग

आयोजित

हिंदी काव्यवाचन प्रतियोगिता

दिनांक- 19 सिंतबर 2017

समय - सुबह 9.40

स्थान - हिंदी विभाग

महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी पखवडे के निमित्त काव्यवाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख अतिथी के रुप में इस वर्ष के विद्यार्थी सांसद के अध्यक्ष एवं भूगोल विभाग के अध्यापक श्री. शौकत फकीर जी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष का दायित्व हिंदी विभाग प्रमुख डॉ. श्वेता चौधारे जी ने निभाया।

हिंदी पखवडे के निमित्त हिंदी विभाग द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन इस वर्ष किया जा रहा है। जिनमें से महत्वपूर्ण कार्यक्रम के रुप में हिंदी काव्यवाचन प्रतियोगिता को देखा जा सकता है। श्री. अमोल दहातोंडे जी ने कार्यक्रम का प्रास्ताविक किया। विभागाध्यक्षा डॉ.चौधारे जी ने कार्यक्रम की रुपरेषा स्पष्ट करते हुए सभी हिंदी प्रेमी विद्यार्थीयों को बधाई देते हुए इस कार्यक्रम का वैशिष्ट्य हिंदी के विद्यार्थीयों को मंच उपलब्ध करवाना है, यह स्पष्ट किया। साथ ही राष्ट्रभाषा के रुप में हिंदी के सम्मान की आवश्यकता को भी प्रतिपादित किया। इस प्रतियोगिता में 27 विद्यार्थीयों ने अपने अंदाज में हिंदी की उत्कृष्ट एवं विभिन्न कविताओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अतिथी श्री. शौकत फकीर जी ने अपने हिंदी के समस्त गुरुओं का स्मरण करते हुए स्पष्ट किया कि भाषा हमें आचार-विचार करने की क्षमता देती है, वह समाज की निर्मात्री है। अत: उसका सम्मान आवश्यक है।

इस प्रतियोगिता के लिए हिंदी विभाग के अध्यापक श्री. अमोल दहातोंडे तथा श्री. धनराज माने एवं महाविद्यालय के प्रा. निपुंगे और प्रा. अमोल दरंदले भी उपस्थित थे। विभाग के विद्यार्थीयों की उपस्थिती भी प्रशंसनीय थी। सभी ने इस कार्यक्रम का आनंद उठाया। इस कार्यक्रम का संचालन द्वितीय वर्ष की छात्रा कु. तेजस्वी वाळके ने किया, तो आभार ज्ञापन कु.अर्सिया शेख ने किया।

कुछ क्षणचित्र


हिंदी काव्यवाचन
प्रतियोगिता

हिंदी काव्यवाचन
प्रतियोगिता

हिंदी काव्यवाचन
प्रतियोगिता

हिंदी काव्यवाचन
प्रतियोगिता

प्रतियोगिता

हिंदी काव्यवाचन
प्रतियोगिता

हिंदी काव्यवाचन
प्रतियोगिता